भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL – EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 193 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - रविवार, 04 जनवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## सीएम का संदेश: छाती ठोककर जनता के बीच जाएं, विकास ही हमारा जवाब





**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

संगठन को धार देने और कार्यकर्ताओं में आत्मविश्वास भरने के मकसद से आयोजित भाजपा की संगठनात्मक कार्यशाला में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने साफ संदेश दिया और कहा की जनता के बीच पूरे आत्मविश्वास के साथ जाएं और कहें कि हमने विकास के काम किए हैं, कोई गलत काम नहीं किया। सीएम ने कहा कि कार्यकर्ता सरकार के कामकाज को मजबूती से रखें, क्योंकि परिणाम जमीन पर दिख रहे हैं।

कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में शनिवार को आयोजित उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि पिछली सरकार के पांच साल और मौजूदा सरकार के दो साल के कामकाज की निष्पक्ष तुलना की जाए तो अंतर साफ नजर आता है। हमारी सरकार ने पारदर्शिता, सुशासन और विकास को प्राथमिकता दी है।यह केवल घोषणाएं नहीं, बल्कि सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे क्षेत्रों में दिखाई देने वाले ठोस काम हैं।


मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष बयानबाजी और भ्रम की राजनीति करता है, जबकि भाजपा परिणाम देने में विश्वास रखती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे तथ्यों के साथ जनता से संवाद करें और सरकार की उपलब्धियों को आत्मविश्वास से सामने रखें।

भाजपा की संगठनात्मक कार्यशाला में उद्घाटन और समापन सहित कुल पांच सत्र आयोजित किए गए। उद्घाटन सत्र को सीएम भजनलाल शर्मा के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने संबोधित किया। इसके बाद राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने संगठनात्मक रणनीति पर मार्गदर्शन दिया। अन्य दो सत्रों में विषय विशेषज्ञों ने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया।

समापन सत्र में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर लक्ष्य पर केंद्रित रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की ताकत समन्वय और अनुशासन में है । इसी से चुनावी और जनसेवा दोनों मोर्चों पर सफलता मिलेगी।

## डेथ सर्टिफिकेट के लिए भी संघर्ष पूर्व AAG की पोस्ट ने खोली नगर निगम व्यवस्था की पोल

### दलाल नहीं, नियमों से आवेदन करना बना गलती, कुछ ही घंटों में जारी हुआ प्रमाण पत्र



**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

सरकारी दफ्तरों की सुस्त व्यवस्था और कथित भ्रष्टाचार पर एक फेसबुक पोस्ट ने जयपुर नगर निगम की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा कर दिया। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के करीबी माने जाने वाले बीजेपी नेता और राज्य के पूर्व अतिरिक्त महाधिवक्ता कैलाश नाथ भट्ट को अपने ही भाई के डेथ सर्टिफिकेट के लिए नगर निगम के चक्कर लगाने पड़े। लेकिन जैसे ही उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी पीड़ा सार्वजनिक की महज कुछ घंटों में प्रमाण पत्र जारी हो गया।

भट्ट ने जयपुर नगर निगम के सांगानेर कार्यालय की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए लिखा कि उनके बड़े भाई का निधन बीती 3 दिसंबर को हुआ था। मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए उन्हें और उनकी भाभी को दो-दो बार निगम कार्यालय जाना पड़ा। यहां तक कि श्मशान से जुड़े कर्मचारियों को भी परेशान होना पड़ा।

भट्ट ने कहा उनकी गलती सिर्फ इतनी है कि वे दलाल के माध्यम से प्रमाण पत्र नहीं ले रहे। आमजन के साथ क्या होता होगा?

भट्ट ने आवेदन की प्रति भी पोस्ट की और यह भी साझा किया कि पहले उनके पिता के मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए भी उन्हें चार बार निगम जाना पड़ा था।

बार-बार कमी बताई गई, फिर पैसे की मांग हुई। अंततः फर्स्ट क्लास मजिस्ट्रेट के शपथ पत्र से प्रमाण पत्र मिला। क्या मृत्यु प्रमाण पत्र भी रिश्वत से ही मिलेगा? पोस्ट वायरल होते ही नगर निगम हरकत में आया। कुछ ही देर में भट्ट के भाई का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। बीजेपी नेता ओमेंद्र सिंह राघव ने प्रमाण पत्र की कॉपी सोशल मीडिया पर साझा की। इसके बाद भट्ट ने लिखा आज जिस गति से प्रमाण पत्र जारी हुआ, वैसी ही व्यवस्था आम नागरिकों के लिए भी होनी चाहिए। कुछ कर्मचारियों के व्यवहार से सरकार की छवि खराब न हो ऐसे मामलों में कार्रवाई जरूरी है।

इस घटनाक्रम के बाद सोशल मीडिया पर आमजन ने भी अपनी-अपनी पीड़ा साझा की। कई यूजर्स ने सरकारी तंत्र में व्याप्त लालफीताशाही और कथित रिश्वतखोरी पर तीखे कमेंट किए।

## अवैध मादक पदार्थ तस्करी पर कार्रवाई : पुलिस ने 80 किलो डोडाचूरा व स्कॉर्पियो वाहन किया जब्त






**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गुलाबपुरा थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। कार्रवाई में 80.200 किलोग्राम डोडाचूरा एवं महिंद्रा स्कॉर्पियो वाहन को जब्त किया गया है, जबकि आरोपी अंधेरे व कोहरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी संजय कुमार के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई।

पुलिस ने बताया की शनिवार सुबह नेशनल हाईवे 148डी पर नाकाबंदी के दौरान महिंद्रा स्कॉर्पियो वाहन को रोका गया। चालक ने नाकाबंदी तोड़कर वाहन भगाया, जिस पर पुलिस जाप्ते ने पीछा किया। गागेड़ा सरहद में चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। थाना गुलाबपुरा, रायला एवं शंभुगढ़ पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से सघन तलाश की गई, परंतु घने कोहरे, कम दृश्यता तथा खेतों में पेड़-पौधों की आड़ के कारण आरोपी पकड़े नहीं जा सके।

पुलिस ने वाहन की तलाशी में 80.200 किलोग्राम डोडाचूरा तथा आरोपियों की पहचान से जुड़े दस्तावेज जब्त कर प्रकरण दर्ज किया है। फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

## खाटू में आस्था की भीड़, लेकिन वारदात पर ब्रेक

### नए साल पर पुलिस का मास्टरस्ट्रोक, बाप ,बेटा और बहू वाला चेन स्नैचिंग गिरोह पकड़ा





**भीलवाड़ा फोकस @ सीकर ।**

खाटूश्यामजी में आस्था की उमड़ती भीड़ के बीच इस बार अपराधियों के मंसूबे नाकाम रहे। नए साल के मौके पर खाटू में पुलिस ने ऐसा जाल बिछाया कि महीनों से सक्रिय शातिर चेन स्नैचिंग गिरोह बिना एक भी वारदात किए ही दबोच लिया गया। बाप-बेटा-बहू समेत पूरे परिवार और रिश्तेदारों से बने इस गिरोह के 18 आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है।

**भीड़ में बिखरती महिलाएं, पल भर में गायब चेन**

पुलिस जांच में सामने आया कि गिरोह की महिलाएं संगठित तरीके से ग्रुप बनाकर दर्शनार्थियों को घेरती थीं। बातों में उलझाकर सोने की चेन उड़ाना और मौका मिलते ही पुरुष साथियों को सौंप देना ताकि पकड़े जाने पर बरामदगी न हो इनकी तय रणनीति थी। एकादशी और मेले जैसे भीड़भाड़ वाले दिनों को ये खास तौर पर चुनते थे।

**नए साल पर बदली रणनीति, सादा वर्दी में घेरा**

थानाधिकारी पवन कुमार चौबे में बताया की बीते महीनों में एकादशी व मासिक मेलों के दौरान चेन स्नैचिंग और जेबकतरी की घटनाएं सामने आई थीं। इसे देखते हुए नए साल पर डीएसटी टीम के इंचार्ज वीरेंद्र यादव, कैलाशचंद यादव व टीम के साथ एंट्री से एग्जिट तक सादा वर्दी में निगरानी रखी गई। पुराने तरीकों पर पैनी नजर के साथ जैसे ही संदिग्ध हरकत दिखी, गैंग को हिरासत में ले लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने वारदातें कबूल कीं।

गिरफ्तार आरोपियों में महिलाएं और पुरुष दोनों शामिल हैं। जिसमे भूमिका (20), पिंकी (27), पूजा (28), टीना (29), शर्मिला (37), ज्योति (30), काजल (20), राखी कुमारी (23), दर्शना (40), कोमल (22) के साथ जयपाल (62), राजकुमार (30), जयकरण (34), मोहनसिंह (24), दीपक (22), भरतपाल (21), रोहित (24) और प्रवीण चौहान (23) शामिल हैं। अधिकतर आरोपी हरियाणा और यूपी के निवासी हैं।

**सात-आठ महीने से सक्रिय, किराए की गाड़ी से आते थे**

पुलिस ने बताया की यह गिरोह पिछले 7-8 महीनों से सक्रिय था। हर महीने एकादशी जैसे दिनों में किराए की गाड़ी लेकर खाटू आता, वारदात करता और भीड़ का फायदा उठाकर तुरंत फरार हो जाता था।

इस बार सतर्कता ऐसी रही कि इतनी भीड़ के बावजूद एक भी चेन स्नैचिंग की घटना नहीं हुई।


'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo. 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA FOCUS

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ


## साइबर ठगी गिरोह का पर्दाफाश, व्हाट्सएप व ट्रूकॉलर पर फर्जी पहचान बनाकर लाखों की ठगी, जालौर से एक आरोपी गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

साइबर एवं संगठित अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत प्रतापनगर पुलिस ने साइबर ठगी के एक संगठित गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी अपने गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर नामी व्यक्तियों की फोटो व्हाट्सएप डीपी पर लगाकर और ट्रूकॉलर पर फर्जी आईडी बनाकर लोगों से ठगी करता था। थानाधिकारी राजपाल सिंह के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा कार्रवाई को अंजाम दिया गया ।

पुलिस ने बताया को बीती 28 जुलाई को मिट्ठु लाल, निवासी भीलवाड़ा ने बताया था कि 26 और 28 जुलाई को उसके मोबाइल पर दो-तीन अज्ञात नंबरों से व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले ने अपने व्हाट्सएप प्रोफाइल पर नामी व्यक्ति पृथ्वीराज कोठारी की फोटो लगाई हुई थी और स्वयं को वही बताकर विश्वास में लिया। इसके बाद आरोपी ने अहमदाबाद में 40 लाख रुपये हवाला के माध्यम से ट्रांसफर करवा लिए।

इस रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए गठित पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, मोबाइल डाटा और सूचनाओं का विश्लेषण करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू की।

लगातार तकनीकी जांच और सूचना संकलन के बाद पुलिस ने आरोपी ईश्वर मेघवाल को जालौर से डिटेन किया और अनुसंधान के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी जालौर और बालोतरा क्षेत्र के आसपास रहने वाले युवकों के गिरोह से जुड़ा है, जो राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और दिल्ली सहित कई राज्यों में साइबर ठगी की वारदातों को अंजाम दे चुका है।

गिरफ्तार आरोपी मोदरा, जालौर का निवासी है। पुलिस ने बताया कि मामले में गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश जारी है और ठगी से जुड़े पूरे नेटवर्क की गहन जांच की जा रही है।

# एक साल में 128% बढ़ी मोबाइल रिकवरी, भीलवाड़ा पुलिस ने 1004 फोन किए बरामद

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने गुम व चोरी हुए मोबाइल फोनों की रिकवरी के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। भारत सरकार के दूरसंचार विभाग डॉट द्वारा संचालित सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर पोर्टल के प्रभावी, सुनियोजित और तकनीक-आधारित उपयोग से यह उपलब्धि संभव हो सकी है।

भीलवाड़ा पुलिस ने आधुनिक डिजिटल तकनीक, त्वरित तकनीकी समन्वय और सतत निगरानी के माध्यम से मोबाइल गुमशुदगी की शिकायतों पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की। साथ ही, आम नागरिकों को लगातार साइबर जागरूकता अभियानों के जरिए प्रेरित किया गया, जिसका सकारात्मक असर यह रहा कि बड़ी संख्या में लोगों ने स्वयं छ्य्श्वद्धक्र पोर्टल पर ऑनलाइन




शिकायतें दर्ज कीं।

वर्ष 2025 के दौरान CEIR पोर्टल पर कुल 1624 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 947 शिकायतें पुलिस द्वारा प्रार्थियों के जिला मुख्यालय अथवा संबंधित थानों पर उपस्थित होने पर दर्ज की गईं, जबकि 677 शिकायतें जागरूक नागरिकों द्वारा स्वयं ऑनलाइन दर्ज की गईं। इन सभी शिकायतों पर तकनीकी कार्रवाई करते हुए भीलवाड़ा पुलिस ने 1004 मोबाइल फोन सफलतापूर्वक रिकवर कर संबंधित प्रार्थियों को सुपुर्द किए।

आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2024 में CEIR पोर्टल पर 963 शिकायतें दर्ज हुई थीं, जिनमें से 440 मोबाइल फोन रिकवर किए गए थे। वहीं वर्ष 2025 में शिकायतों की संख्या बढ़कर 1624 हो गई और रिकवरी का आंकड़ा 1004 तक पहुंच गया। इस प्रकार, वर्ष 2024 की तुलना में वर्ष 2025 में मोबाइल रिकवरी में लगभग 128 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो तकनीक-आधारित पुलिसिंग और प्रभावी निगरानी तंत्र की सफलता को दर्शाती है।

CEIR पोर्टल की इस सफलता में पुलिस की सक्रिय भूमिका के साथ-साथ जागरूक जनता की भागीदारी भी निर्णायक रही। नागरिकों द्वारा स्वयं ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने से मोबाइल की त्वरित ब्लॉकिंग, ट्रैकिंग और रिकवरी संभव हो सकी, जिससे पूरी प्रक्रिया अधिक तेज, पारदर्शी और परिणामोन्मुख बनी।

जिला स्तर पर छ्य्श्वद्धक्र पोर्टल का संचालन भीलवाड़ा पुलिस द्वारा नियुक्त नोडल कार्मिक कानि. छोटू रेबारी (655) द्वारा किया जा रहा है, जो प्राप्त शिकायतों की तकनीकी मॉनिटरिंग कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करते हैं।


**पुलिस ने आमजन से अपील की है कि मोबाइल गुम या चोरी होने की स्थिति में**

वेबसाइट या संचार साथी ऐप के माध्यम से अनिवार्य रूप से शिकायत दर्ज कराएं। इसके लिए मोबाइल का आईएमईआई नंबर, संबंधित मोबाइल नंबर, पहचान पत्र तथा राजस्थान पुलिस की वेबसाइट पर दर्ज लॉस्ट आर्टिकल रिपोर्ट अपलोड करना आवश्यक है।

## तेज रफ्तार बनी हादसे की वजह, एनएच-758 पर कार खाई में जा गिरी

**भीलवाड़ा फोकस @ गुरला ।**

नेशनल हाईवे-758 पर शनिवार दोपहर बाद एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। गंगापुर से भीलवाड़ा की ओर जा रही एक कार कस्बे के शिव नगर स्थित चामुंडा माता मंदिर के सामने अचानक अनियंत्रित हो गई। कार सड़क के डिवाइडर से टकराते हुए खाई में जा गिरी, जिससे वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के समय कार में सवार सभी लोग बाल-बाल बच गए। दुर्घटना के बाद कुछ देर के लिए हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर कार सवारों की मदद की। गनीमत रही कि किसी को भी गंभीर चोट नहीं आई।



प्राथमिक तौर पर हादसे का कारण तेज रफ्तार या अचानक वाहन से नियंत्रण बिगड़ना बताया जा रहा है। सूचना मिलने पर कारोई पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहन को हटवाकर यातायात सुचारु कराया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।**

थाना क्षेत्र के जाल का खेड़ा गांव में एक युवक द्वारा अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना रात्रि समय की बताई जा रही है, जब युवक ने अपने ही घर में फांसी का फंदा लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतक की पहचान जगदीश पुत्र छीतर रैगर, निवासी जाल का खेड़ा के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की। उप निरीक्षक बालकिशन शर्मा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर


प्रतीकात्मक इमेज

पोस्टमार्टम कराया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।फिलहाल आत्महत्या के कारणों को लेकर पुलिस जांच कर रही है।

## फैक्ट्री श्रमिक ने की आत्महत्या, पत्नी खाना खाने के लिए बुलाने गई तो फंदे से लटका देखा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र के पटेल नगर में 30 वर्षीय फैक्ट्री श्रमिक ने अपने घर के कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का खुलासा तब हुआ जब उसकी पत्नी उसे खाना खाने के लिए बुलाने कमरे में गई।

जानकारी के अनुसार युवक दुपट्टे के सहारे कमरे में लगे लोहे के एंगल से लटका मिला। सूचना पर प्रताप नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने फोटो-वीडियोग्राफी कराते हुए शव को फंदे से नीचे उतरवाया और जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया।

पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान



बृजेश शर्मा (30) पुत्र लक्ष्मण के रूप में हुई है। वह मूल रूप से बिहार का निवासी था और फैक्ट्री में कार्यरत था। वह दो बच्चों का पिता था। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नशे में इनोवा चालक ने खड़ी कार को मारी टक्कर, मामला दर्ज

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

भीमगंज थाना क्षेत्र के नेहरू विहार इलाके में 31 दिसंबर की रात नशे में धुत एक इनोवा कार चालक ने घर के बाहर खड़ी कार को तेज रफ्तार में टक्कर मार दी। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन वाहन क्षतिग्रस्त हो गया।

पीड़ित पत्रकार भगवान सिंह ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया है कि आरोपी नरेन्द्र सोनी नशे की हालत में वाहन चला रहा था। घटना के समय परिवार



घर के अंदर मौजूद था, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच सहायक उप निरीक्षक ओमप्रकाश नायक कर रहे है ।

## NH-52 पर तड़के पलटी निजी बस, कोहरे में बड़ा हादसा टला

### बीकानेर से भोपाल जा रही बस अनियंत्रित, 6-7 यात्री घायल; जनहानि नहीं

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**

**गर्वित ।** कोटा-झालावाड़ नेशनल हाईवे 52 पर शनिवार तड़के एक निजी बस के पलटने से अफरा-तफरी मच गई, लेकिन गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। हादसा सुबह करीब 6 बजे रानपुर थाना क्षेत्र में केबलनगर और कसार के बीच आलनिया बाईपास पर हुआ। मौके से गुजर रहे लोगों ने तुरंत मदद कर बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला।

रानपुर थाना के कॉन्स्टेबल कुलदीप चौधरी के अनुसार, राठौर ट्रेवल्स की यह बस बीकानेर से भोपाल जा रही थी, जिसमें 30 से अधिक यात्री सवार थे। हादसे में 6-7 यात्रियों को चोटें आईं, जिन्हें एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया।

प्रारंभिक पूछताछ में चालक ने बताया कि



सुबह के समय घना कोहरा था और अचानक एक गाय सड़क पर आ गई, जिसे बचाने के प्रयास में बस अनियंत्रित होकर पलट गई। वहीं कुछ यात्रियों का कहना है कि देरी से चलने के कारण बस तेज रफ्तार में थी, जिससे संतुलन बिगड़ा।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से बस को सीधा कराया गया। हादसे के दौरान हाईवे के दोनों ओर कुछ देर भीड़ जमा रही, जिसे बाद में नियंत्रित कर यातायात सामान्य कराया गया।

## वेल्डिंग की चिंगारी बनी खतरा, चालक की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

हनुमान नगर थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक मिनी ट्रक में अचानक लगी आग से अफरा-तफरी मच गई, लेकिन चालक की तत्परता और समझदारी से बड़ा हादसा टल गया। वेल्डिंग के दौरान बैटरी में हुए शॉर्ट सर्किट से ट्रक में लदे थर्मोकोल के बक्सों ने आग पकड़ ली थी, जो कुछ ही सेकेंड में फैलने लगी।

चिंताहरण बालाजी तिराहे के पास हुए



इस हादसे में देवली थाना क्षेत्र के गोपीपुरा कॉलोनी निवासी नीरज पांचाल अपने मिनी ट्रक की वेल्डिंग करवा रहे थे। इसी दौरान बैटरी में शॉर्ट सर्किट हुआ और अत्यधिक ज्वलनशील थर्मोकोल में आग लग गई। खतरे को भांपते हुए चालक ने तुरंत ट्रक को सड़क के दूसरी ओर ले जाकर पास ही स्थित पानी की मोटर से आग बुझाने की व्यवस्था की, जिससे आग पर समय रहते काबू पा लिया गया।

सूचना पर हनुमान नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और ट्रक पूरी तरह जलने से बच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यदि चालक ने तत्परता नहीं दिखाई होती, तो बड़ा नुकसान हो सकता था।

## अब जयपुर-उदयपुर ही नहीं, हाड़ौती भी बनेगा पर्यटन केंद्र

### कोटा में ट्रैवल मार्ट के माध्यम से अनछुए पर्यटन स्थलों को मिलेगी पहचान





**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**

**गर्वित ।** उपमुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने शनिवार को कोटा में आयोजित तीन दिवसीय कोटा हाड़ौती ट्रैवल मार्ट के दूसरे दिन सिटी हिल आर्ट में बी2बी प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस दौरान उन्होंने प्रदर्शनी में लगी विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन भी किया। देश के 26 राज्यों से आए ट्रैवल एजेंट्स, टूर ऑपरेटर्स और होटल व्यवसाय से जुड़े प्रतिनिधियों की मौजूदगी में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का विजन है कि राजधानी के साथ-साथ अन्य शहरों में भी ट्रैवल मार्ट जैसे आयोजन हों, जिससे स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा मिले। उन्होंने कहा कि अभी जयपुर, जोधपुर और उदयपुर में ही अधिक पर्यटक आते हैं, जबकि राज्य के अन्य क्षेत्रों में भी पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। दिया कुमारी ने कहा कि कोटा-हाड़ौती को भी पर्यटकों के कैलेंडर में शामिल करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र की वाइल्ड लाइफ, चंबल रिवर फ्रंट, किले-महल, मिनिएचर पेंटिंग, लोक कला-क्राफ्ट, धार्मिक, ग्रामीण और प्राकृतिक पर्यटन स्थलों में बड़ी संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि कोटा हाड़ौती ट्रैवल मार्ट 2026 केवल एक व्यावसायिक आयोजन नहीं, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान, प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यटन क्षमता को नई पहचान देने का माध्यम है। इससे स्थानीय स्तर पर निवेश, विकास और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि कोटा में एयरपोर्ट की शुरुआत और बेहतर रोड कनेक्टिविटी से पर्यटन को मजबूती मिलेगी। बड़ी संख्या में होटल व्यवसायियों, टूर ऑपरेटर्स और स्थानीय लोगों की भागीदारी इस आयोजन की सफलता को दर्शाती है। आने वाले समय में कोटा-हाड़ौती को वैश्विक पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित किया जाएगा। इस अवसर पर होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान की स्टॉल का अवलोकन किया गया। फेडरेशन के पदाधिकारियों ने उपमुख्यमंत्री का स्वागत किया तथा कोटा संभाग की स्मारिका का विमोचन भी किया गया। पर्यटन आयुक्त रुक्मणी रियाड़ ने बताया कि इस ट्रैवल मार्ट के माध्यम से कोटा, बूंदी, झालावाड़ और बारां जिलों की पर्यटन संभावनाओं को एक साझा मंच पर प्रस्तुत किया गया है। प्रदर्शनी एवं बी2बी बैठकों में देश-विदेश से आए टूर ऑपरेटर्स, ट्रैवल एजेंट्स और स्थानीय पर्यटन उद्यमियों के बीच संवाद हुआ, जिससे हाड़ौती क्षेत्र को पर्यटन मानचित्र पर मजबूती मिलेगी।



QUICK BITES

## टंकी के बालाजी मुक्तिधाम को अत्याधुनिक बनाने की कार्ययोजना तैयार

**अब तक 30 लाख खर्च, आगामी चरण में 50 लाख के विकास कार्य प्रस्तावित**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



शहर के टंकी के बालाजी मुक्तिधाम के विकास एवं सुविधाओं के विस्तार को लेकर टंकी के बालाजी मुक्तिधाम विकास समिति ने मुक्तिधाम को अत्याधुनिक स्वरूप देने की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। समिति के संरक्षक बाबूलाल जाजू एवं महासचिव नवनीत सोमानी ने बताया कि अंतिम संस्कार की प्रक्रिया को सर्व सुविधायुक्त, सम्मानजनक एवं पर्यावरण के अनुकूल बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण विकास कार्य प्रस्तावित किए गए हैं। कार्य योजना के तहत मुक्तिधाम में शुद्ध पेयजल की सुविधा के लिए आरओ प्लांट की स्थापना, कम लकड़ी में दाह संस्कार संभव हो इसके लिए आधुनिक उपकरण, अत्याधुनिक शौचालयों का निर्माण, सुरक्षा के लिए तीन नए प्रवेश द्वार, कर्मचारियों हेतु आवासगृह, नारियल तोड़ने की मशीन, बरामदों में पंखे, लकड़ी गोदाम, टूटी बाउंड्री वॉल का पुनर्निर्माण, उद्यान में नए पौधारोपण, कोबल्स बिछाने, रंग-रोगन तथा मुक्तिधाम के बाहर नाली निर्माण जैसे कार्य शामिल हैं। इन विकास कार्यों पर समिति द्वारा लगभग 50 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त नगर विकास न्यास एवं नगर निगम से भी आवश्यक सहयोग लिया जाएगा। समिति सचिव कैलाश कोठारी एवं उपाध्यक्ष सुनील जागेटिया और सत्यनारायण डीडवानियां ने बताया कि समिति द्वारा पूर्व में जनसहयोग से बैठने के लिए दो अत्याधुनिक बरामदे तथा दाह संस्कार हेतु शेड का निर्माण कराया जा चुका है, जिन पर अब तक लगभग 30 लाख रुपये व्यय किए जा चुके हैं। कोषाध्यक्ष राकेश दरक ने जानकारी दी कि मुक्तिधाम के संपूर्ण विकास की कुल योजना लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की है। इस संबंध में आयोजित समिति की बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष नारायण लढ़ा सहित उपस्थित सदस्यों-सुशील डांगी, व्यवस्था प्रभारी मनोहर अजमेरा, उमाशंकर शर्मा, सुरेश कचौलिया, कैलाश रांका, सुवालाल जाट, डॉ. विनोद नराणीवाल, प्रदीप चौधरी, धर्मेन्द्र पारीक एवं धर्मराज शर्मा ने मुक्तिधाम को और अधिक आधुनिक एवं सुविधाजनक बनाने को लेकर अपने सुझाव रखे।

## कमल वैशनानी मानव अधिकार परिषद के जिला सहसचिव नियुक्त

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद की जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए जिलाध्यक्ष मनीष बंब ने कमल वैशनानी को संगठन का जिला सहसचिव नियुक्त किया है।

जिलाध्यक्ष मनीष बंब ने बताया कि कमल वैशनानी सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहते हुए लंबे समय से मानव अधिकारों की रक्षा एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर कार्य कर रहे हैं। उनके अनुभव और समर्पण को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि वैशनानी संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने एवं पीड़ितों को न्याय दिलाने में अहम भूमिका निभाएंगे

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# सावित्रीबाई फूले की 195वीं जयंती प्रेरणा दिवस के रूप में मनाई

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले की 195वीं जयंती फूले सेवा संस्थान एवं राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा के तत्वावधान में महात्मा ज्योतिबा फूले मूर्ति परिसर में प्रेरणा दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम में सावित्री बाई फूले के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर आज के दौर में कितनी प्रासंगिक हैं सावित्री बाई फूले विषय पर व्याख्यान माला आयोजित हुई। मुख्य अतिथि मिसेज राजस्थान जया चौहान ने कहा कि सावित्रीबाई फूले स्त्री शिक्षा, सामाजिक न्याय और दलित उत्थान की सशक्त अग्रदूत थीं, जिनके विचार आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं।

फूले सेवा संस्थान के अध्यक्ष गोपाल लाल माली ने उनके संघर्ष और शिक्षा के प्रति समर्पण को प्रेरणादायी बताया। कार्यक्रम में माली-सैनी महासभा व विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने भी विचार रखे। बड़ी संख्या में फूले अनुयायी उपस्थित रहे।

# कोली समाज ने किया रामदेव जी के वंशज का सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

कोली समाज विकास ट्रस्ट, की ओर से रायला प्रवास पर आए आनंद सिंह तंवर भगवान बाबा रामदेव के वंशज का समाजजनों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान ट्रस्ट पदाधिकारियों एवं समाज के लोगों ने उनसे विशेष भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। समाज की ओर से तंवर का पारंपरिक रूप से सम्मान करते हुए उन्हें केसरिया शॉल ओढ़ाई गई । तंवर ने समाज द्वारा किए जा रहे सामाजिक व धार्मिक कार्यों की सराहना करते हुए सभी को शुभाशीर्वाद प्रदान किया।

इस अवसर पर उनके साथ पधारे बाबा रामदेव जी के प्रसिद्ध भजन गायक एवं कथावाचक कैलाश बांगड़ का भी ट्रस्ट की ओर से गर्मजोशी से स्वागत किया गया।



स्वागत कार्यक्रम में ट्रस्ट संरक्षक बालूलाल बछापरिया, हरिनारायण, सेवंती लाल, मोती लाल आमेरिया, सोहन लाल तलाया, सुनील एवं मुरलीधर लोरवाडिया सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# ठाकुर बाबा बस्ती में 25 जनवरी को होगा विराट हिन्दू सम्मेलन

**कलश यात्रा के साथ होगा शुभारंभ, संत शिरोमणी प्रकाश दास महाराज रहेंगे उपस्थित**

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।



ठाकुर बाबा बस्ती में आगामी 25 जनवरी को विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर ठाकुर बाबा बगीची में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें लगभग 150 सदस्यों की आयोजन समिति का गठन किया गया। बैठक में सम्मेलन को भव्य एवं सफल बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

सम्मेलन के प्रचार-प्रसार एवं जनसंपर्क को प्रभावी बनाने के लिए पीले चावल, पत्रक एवं स्टीकर वितरण का निर्णय लिया गया। साथ ही शाहपुरा क्षेत्र की विभिन्न कॉलोनियों एवं बस्तियों में घर-घर संपर्क के लिए टोलियों का गठन किया जाएगा, जो ठाकुर बाबा बस्ती के सकल हिन्दू समाज को सम्मेलन में सहभागी बनने का निमंत्रण देंगी। आयोजन के तहत क्षेत्र में भगवा पताकाएं एवं बड़े होर्डिंग भी लगाए जाएंगे।

सम्मेलन के दिन 25 जनवरी को 1100 महिलाओं की सहभागिता से कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहेगी। इसके साथ ही भारत माता की भव्य झांकी एवं अन्य सांस्कृतिक झांकियां भी प्रस्तुत की जाएंगी, जिनके लिए पृथक से झांकी उपसमिति का गठन किया गया है।

विराट हिन्दू सम्मेलन में भजन सम्राट एवं संत शिरोमणी प्रकाश दास जी महाराज की विशेष उपस्थिति रहेगी। बैठक में सम्मेलन समिति के अध्यक्ष मोडू राम धाकड़ के नेतृत्व में आयोजन की रूपरेखा तय करते हुए जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# कड़ाके की सर्दी और घने कोहरे ने जकड़ा इलाका, धूप भी रही बेअसर,युवा भी अलाव जला कर बैठे रहे

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।



कुछ दिनों से जारी ठंड ने शनिवार को और तीखा रूप दिखाया। सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा, जो करीब 10 बजे तक नहीं छँटा। दृश्यता बेहद कम होने के कारण दिन में भी वाहनों की लाइटें जलाकर चलना पड़ा। सड़कों पर रफ्तार थमी रही, वहीं ग्रामीण व शहरी इलाकों में जनजीवन पूरी तरह प्रभावित नजर आया।

दिनभर आसमान में धूप नहीं निकल सकी। दोपहर के समय कुछ देर के लिए हल्की धूप जरूर खिली, लेकिन शीतलहर की तीखी गलन के आगे उसका असर न के बराबर रहा। ठंडी हवाओं और नमी ने वातावरण में कंपकंपी बनाए रखी, जिससे लोग पूरे दिन ठंड से राहत नहीं पा सके।

सर्दी से बचाव के लिए चौपालों, चौराहों, बस स्टैंड और बाजारों में अलाव सुलगते नजर आए। बुजुर्गों के साथ-साथ युवा और कामकाजी लोग भी अलाव के पास जमा दिखे। हाथ सेंकते, गर्म चाय की चुस्कियां लेते और आपसी बातचीत के बीच लोग ठिठुरन से राहत तलाशते रहे।

ठंड का असर सबसे ज्यादा सुबह और शाम के समय देखने को मिला। बच्चे और बुजुर्ग घरों में दुबके रहे, वहीं आवश्यक काम से बाहर निकलने वालों ने मोटे ऊनी कपड़ों, मफलर और टोपी का सहारा लिया। ठंड के चलते बाजारों में भी देर से चहल-पहल शुरू हुई।

वाहन चालकों को कोहरे के कारण अतिरिक्त सतर्कता बरतनी पड़ी। धीमी गति से वाहन चलाए गए और हॉर्न व लाइट का अधिक इस्तेमाल हुआ। मौसम की इस बेरुखी ने साफ कर दिया कि सर्दी और कोहरे की दोहरी मार से जनजीवन दिनभर जूझता रहा, और ठंड ने पूरे इलाके की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया।

# श्री महेश बचत एवं साख समिति की अनूठी पहल, फैमिली क्रिकेट लीग आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



श्री महेश बचत एवं साख समिति की ओर से फैमिली क्रिकेट लीग सीजन-3 का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन पारिवारिक वातावरण में किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य खेल के माध्यम से पारिवारिक एकता, आपसी सौहार्द और सामूहिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना रहा। संयोजक शांतिलाल डाड ने बताया कि आयोजन का शुभारंभ राजेन्द्र कचोलिया, अभिजीत शारदा, अर्चित मूंदड़ा एवं वैभव बाहेती की उपस्थिति में ट्रॉफी अनावरण के साथ हुआ। संरक्षक आशा डाड, को-ऑर्डिनेटर सुधा चांडक, महिला अध्यक्ष रीना डाड एवं महिला मंत्री अनिता सोमानी ने जानकारी दी कि लीग में कुल 11 टीमों ने भाग लिया, जिनका गठन पूर्णतः पारिवारिक आधार पर किया गया । जिसमें परिवार के मुखिया, महिलाएं और बच्चे समान रूप से शामिल रहे। अध्यक्ष संदीप लड्ढा, नारायण लाहोटी, प्रदीप लाठी, प्रभारी अजय बाल्दी एवं ज्योति लाठी ने बताया कि यश डाड, श्याम बिरला, योगेश मूंदड़ा, यश लाहोटी, आनंद बाहेती, प्रवीण झांवर, कपिल बाहेती, अहसास सोमानी, संजय भदादा, अंकुर झांवर और धर्मेश अजमेरा की कप्तानी में सभी टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। आयोजन को सफल बनाने में दिनेश सोमानी, अमिता मुंदड़ा, रंजना बिरला, खुशी देवपुरा, सुनीता पलोड़, धीरज काबरा, उषा कचोलिया और राजेन्द्र गाड़ोदिया सहित अनेक सदस्यों का सहयोग रहा।

# सावित्रीबाई फूले की 195वीं जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित, प्रतिभावान बेटियों का सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

महान समाज सुधारक एवं देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फूले की 195वीं जयंती शनिवार को प्रेरणा दिवस के रूप में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। महात्मा ज्योतिबा फूले माली सेवा संस्थान एवं समस्त माली समाज के संयुक्त तत्वावधान में शहर के बेटी गौरव उद्यान में स्थापित मां सावित्रीबाई फूले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। संस्थान के जिला सचिव राजकुमार माली ने बताया कि पुष्पांजलि कार्यक्रम के बाद विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि सामाजिक सुधारों और महिला शिक्षा की अलख जगाने वाली सावित्रीबाई फूले का संपूर्ण जीवन संघर्ष, साहस और समर्पण का प्रतीक है। उनके



प्रयासों से बालिका शिक्षा को नई दिशा मिली और समाज को अनेक कुरीतियों से मुक्त होने की प्रेरणा मिली।

कार्यक्रम के दौरान समाज की उन प्रतिभावान बेटियों का सम्मान किया गया, जिन्होंने शिक्षा, खेल, समाजसेवा और जनप्रतिनिधित्व जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर समाज का नाम रोशन किया है। सम्मानित होने वालों में कविता पारेता, ऋषिका माली, दीपिका जजावरा, चार्वी माली, कुश्ती में स्वर्ण पदक विजेता अंजली माली, माया माली, पार्षद मोहनीदेवी, बादामदेवी, लाड़देवी, तनुश्री माली और टीना माली शामिल रहीं।

समारोह में देश और समाज का गौरव बढ़ाने वाली महिलाओं वीरांगना रानी पद्मिनी, पन्नाधाय, भक्तिमति मीराबाई, स्वरकोकिला लता मंगेशकर, अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला, नोबेल पुरस्कार विजेता मदर टेरेसा, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, पर्वतारोही बछेन्द्री पाल, बॉक्सर मैरी कॉम एवं बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल के चित्रों पर भी पुष्पांजलि अर्पित कर नारी शक्ति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई।

कार्यक्रम में बंशीलाल माली, पूसालाल माली, मूलचंद माली, सोहनलाल माली, तोताराम माली, छोटूलाल माली, नवीनकुमार माली, प्रभुलाल माली, राजेन्द्र माली, सपना माली, प्रतिभा माली, सीमा माली, मीना माली, सागर माली, श्यामलाल माली सहित सैकड़ों समाजबंधु एवं मातृशक्ति उपस्थित रही।

# बसंत पंचमी पर सेन समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन, हरनी महादेव से हुआ 43 कन्याओं के लग्न पत्र लिखकर शुभारंभ

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

बसंत पंचमी के अवसर पर सेन समाज द्वारा आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन की शुरुआत शनिवार को प्रसिद्ध धार्मिक स्थल हरनी महादेव में की गई। इस अवसर पर 43 कन्याओं के लग्न पत्र लिखकर विवाह सम्मेलन का शुभारंभ किया गया।

सेन समाज सामूहिक विवाह समिति के मीडिया प्रवक्ता दिनेश सेन ऊपरेड़ा ने बताया कि सर्व सेन समाज की उपस्थिति में सेन जी महाराज एवं नारायणी माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। आयोजन संचालक नरेश सईंवाल ने जानकारी दी कि सेन समाज सामूहिक विवाह समिति द्वारा आयोजित यह 9 वां सामूहिक विवाह सम्मेलन है, जिसमें भीलवाड़ा सहित तीन जिलों से जोड़े विवाह सूत्र में




बंधेंगे। कार्यक्रम में वर-वधु पक्ष के परिजन भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

गुरुकुल वेद विद्यालय के पंडित मुरलीधर द्वारा विधिवत विनायक स्थापना करवाई गई, इसके पश्चात समिति सदस्यों द्वारा लग्न पत्र वधु पक्ष के परिजनों को सौंपे गए, जिससे विवाह की धार्मिक प्रक्रिया आरंभ हुई। समिति के कोषाध्यक्ष गोपी लाल सेन (नया समेलिया) ने भामाशाहों एवं समाजजनों का सम्मान करते हुए कन्यादान सहयोग के लिए आभार जताया।

समिति सचिव बाबूलाल चाखेड़ ने बताया कि कुछ जोड़े अभी भी सम्मेलन में शामिल हो सकते हैं, जिसके चलते आयोजन की तैयारियों का विस्तार किया जा रहा है। कार्यकारी अध्यक्ष रतन सेन भादू ने समाज के सभी सदस्यों से आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग की अपील की और बताया कि अतिथि स्वागत, भोजन व्यवस्था एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित विभिन्न जिम्मेदारियां निर्धारित की गई हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सुरेश सेन कटार ने अब तक हुए विवाह सम्मेलनों की सफलता का श्रेय समाजजनों के सहयोग को देते हुए सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय नाई महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष मनोहर सेन ऊपरेड़ा, सेन उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष मनोहर सेन सांगानेर, सेन समाज नवयुवक मंडल भीलवाड़ा के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश सेन, सेन युवा एकता मंच के प्रदेश अध्यक्ष विकास सेन, दिनेश सेन कांदा, सत्यनारायण सेन गुरला सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ समाजजन एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे।

# डॉ. देवेंद्र मेवाड़ा मेमोरियल संस्थान का 13वां रक्तदान शिविर, 176 यूनिट रक्त संग्रह





भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

डॉ. देवेंद्र मेवाड़ा मेमोरियल संस्थान, की ओर से शनिवार को तेजाजी चौक स्थित नटराज हॉस्पिटल में 13वां विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ विधायक गोपाल खंडेलवाल के मुख्य आतिथ्य में हुआ, जबकि अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा ने की। संस्थान के एडवोकेट चंद्रशेखर मेवाड़ा ने बताया कि डॉ. देवेंद्र मेवाड़ा की पुण्य स्मृति में यह शिविर अरिहंत ब्लड बैंक के तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. देवेंद्र मेवाड़ा एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई।

शिविर में संस्थान अध्यक्ष डॉ. दुर्गाशंकर मेहर, संरक्षक गोपाल मेवाड़ा, अधिशासी अधिकारी पंकज मंगल, थाना प्रभारी स्वागत पांडे, पूर्व प्रधान गोपाल मालवीय, जोगणिया शक्तिपीठ अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी, पूर्व भाजपा प्रदेश प्रतिनिधि भगवान सिंह चौहान, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष संजय धाकड़ सहित कई वक्ताओं ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर संस्थान ने अगले वर्ष से क्षेत्र की प्रतिभाओं को सम्मानित करने का संकल्प भी लिया।

रक्तदान शिविर में युवाओं, युवतियों, महिलाओं एवं पुरुषों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कुल 176 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। कार्यक्रम में मांडलगढ़ नगर मंडल अध्यक्ष अशोक नगर, जिला परिषद सदस्य अंकित तिवाड़ी, कोटा मेवाड़ा समाज अध्यक्ष विकास मेवाड़ा, पंचायत समिति सदस्य हितेंद्र सिंह राजोरा, पथिक महाविद्यालय संरक्षक अमित सारस्वत, संस्थान सचिव कन्हैयालाल शर्मा, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष अनिल राव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं कई नागरिक उपस्थित रहे।

# निःशुल्क नेत्र जांच एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर आज

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।

खैराड़ मानव सेवा संस्थान, रामस्नेही हॉस्पिटल एवं जिला अंधता नियंत्रण सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को विशाल निःशुल्क नेत्र जांच एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जाएगा। संस्थान के सचिव किशोर कुमार शर्मा ने बताया कि शिविर के तहत नेत्र जांच एवं मरीजों की भर्ती राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक की जाएगी। जांच के दौरान चयनित मरीजों के ऑपरेशन रामस्नेही हॉस्पिटल, भीलवाड़ा में किए जाएंगे। शिविर में प्रसिद्ध फेको सर्जन डॉ. सुरेश भदादा एवं उनकी टीम द्वारा बिना टांके (फेको तकनीक) से ऑपरेशन किए जाएंगे। संस्थान अध्यक्ष टी.सी. चौधरी ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## QUICK BITES

### पुलिस की मौजूदगी में हुआ यूरिया खाद का वितरण

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर




( सांवर वैष्णव ):- कस्बे में शनिवार को दो निजी दुकानों पर यूरिया खाद का वितरण किया गया, यहां पुलिस की मौजूदगी में खाद का वितरण किया गया । जानकारी के अनुसार खाद-बीज की दो निजी दुकानों पर यूरिया खाद के कट्टे पहुंचे, जहाँ अल सुबह से ही दुकानों के बाहर किसानो की भीड़ जमा हो गई । किसानों की भीड़ को देखते हुए सुचना पर पुलिस भी पंहुची , जहाँ किसानों को खाद का वितरण किया गया ।

### सोहन वैष्णव (पहलवान) बने वैष्णव बैरागी परिषद के प्रदेश अध्यक्ष

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



अखिल भारतीय वैष्णव बैरागी परिषद की मुंबई में आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में लिए गए निर्णय के तहत अखिल भारतीय वैष्णव बैरागी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर.के. वैष्णव के निर्देशानुसार सोहन वैष्णव (पहलवान) को राजस्थान का तीन वर्षीय प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष आर.के. वैष्णव ने बताया कि सोहन वैष्णव विभिन्न संगठनों से जुड़े हुए हैं और सामाजिक गतिविधियों व समाजसेवा में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनके नेतृत्व में संगठन को नई मजबूती मिलने की अपेक्षा है। नियुक्ति पर सोहन वैष्णव ने परिषद के राष्ट्रीय नेतृत्व एवं पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए तन, मन और धन से संगठन व समाज सेवा करने का संकल्प लिया।

### अनिल कुमार छाजेड़ सर्वसम्मति से बने अखिल भारतीय सर्वधर्म महासभा के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



अखिल भारतीय सर्वधर्म महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष टीकमचंद परिहार की अनुशंसा पर तथा संस्था की राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा सर्वसम्मति से अनिल कुमार छाजेड़ को वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

छाजेड़ इससे पूर्व दो वर्षों तक राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। उनके कार्यकाल में संगठन को नई दिशा, मजबूती और सक्रियता मिली, जिससे प्रभावित होकर कार्यकारिणी ने उन्हें यह महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व सौंपा। वे सामाजिक, धार्मिक एवं मानव सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहते हुए राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई प्रतिष्ठित सम्मानों से भी सम्मानित हो चुके हैं।

### महेंद्र अखिल भारतीय युवा नायक महासभा के प्रदेश मंत्री नियुक्त

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



अखिल भारतीय नायक महासभा के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह परमार की सहमति से युवा प्रदेशाध्यक्ष सुशील नायक ने भीलवाड़ा जिले के युवा कार्यकर्ता महेंद्र नायक को अखिल भारतीय युवा नायक महासभा का प्रदेश मंत्री नियुक्त किया है। नायक ने केंद्रीय नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए समाज हित में कार्य करने का संकल्प जताया।

### सावित्रीबाई फुले जयंती प्रेरणा दिवस के रूप में मनाई

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।



भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती शनिवार, को बस स्टैंड स्थित सब्जी मंडी में उनके चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर प्रेरणा दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम में समाजजनों ने सावित्रीबाई फुले के विचारों और समाज सुधार में उनके योगदान को स्मरण किया। मुख्य अतिथि रामजी सैनी खेतड़ी, झुंझुनू ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने महिला शिक्षा की अलख जगाने के साथ-साथ सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध भी निर्णायक भूमिका निभाई। उन्होंने बालिकाओं के लिए विद्यालय एवं महाविद्यालय स्थापित कर शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक योगदान दिया। माली सैनी विकास संस्था के प्रदेश महासचिव सम्पत कुमार माली ने बताया कि इसी जनवरी माह में सवाईपुर रोड पर महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा का भव्य अनावरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। संस्था के संरक्षक भेरूलाल सोपरिया, शंकरलाल तुनवाल एवं जगदीशचंद्र झजावरा ने आयोजन में सहयोग देने वाले सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में नारूलाल, गणपत, सोहनलाल कच्छावा, टीकमचंद, मुकेश, महावीर, भवानीराम, श्यामलाल, कैलाश, गोविंद सहित महिला मंडल से लाड़ देवी, माया देवी, कंचन देवी, एजेंन देवी, रामू देवी, उमा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।